भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अंतारांकित प्रश्न सं. 562**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**'वन नेशन, वन लोकेशन' पहल**

562. श्री गोडम नागेश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'वन नेशन, वन लोकेशन' पहल के प्राथमिक लक्ष्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार के पास 'वन नेशन, वन लोकेशन' पहल के अंतर्गत विभिन्न परिवहन साधनों के एकीकरण की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) यद्यपि सरकार के पास **'वन नेशन, वन लोकेशन'** जैसी कोई पहल नहीं है, फिर भी एक प्रमुख नीति यह है कि देश भर में चिन्हित महत्वपूर्ण स्थानों पर मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) विकसित करके कार्गो प्रबंधन (हैंडलिंग) और माल एकत्रीकरण/पृथक्करण की मशीनीकृत सुविधाओं के साथ-साथ परिवहन के विभिन्न साधनों को निर्बाध रूप से एकीकृत किया जाए। एमएमएलपी का विवरण अनुबंध-क पर संलग्न है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**अनुबंध-क**

**‘'वन नेशन, वन लोकेशन' पहल’ के संबंध में श्री गोडम नागेश द्वारा दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 562 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| परियोजना | क्र. सं. | अवस्थान | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|
| मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क्स (एमएमएलपी) | क | चेन्नै, इंदौर, नागपुर, जोगीघोपा, बेंगलुरु | सौप दिया गया |
| | ख | अनंतपुर, पुणे नासिक | बोली चरण |
| | ग | हैदराबाद, कोयंबटूर, पटना, जम्मू | विस्तृत व्यवहार्यता अध्ययन प्रगति पर |
| | घ | मुंबई, विशाखापत्तनम, जयपुर, कोचीन, कांडला, रायपुर, राजकोट, सोलन, भटिंडा, सुनारगढ़, भोपाल, हिसार, पणजी, कोटा, जगतसिंहपुर, वलसाड, अंबाला, कोलकाता, उत्तरी पंजाब, दक्षिण पंजाब, उत्तर गुजरात, दक्षिण गुजरात, दिल्ली एनसीआर | पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन पूर्ण |
| इंटर मॉडल स्टेशन (आईएमएस) | क | जम्मू | बोली चरण |

*****